**दिनांक 02.01.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में Supply and Installation of Branding and Signages system work at Dr APJ Abdul Kalam Science City, Patna कार्य हेतु आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड अभिलेखों के मूल्यांकन करने हेतु विभागीय निविदा समिति के बैठक की कार्यवाही:-**

उपस्थिति:-

1. श्री कुमार रवि, सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। - अध्यक्ष
2. श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर, अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। - सदस्य
3. श्री ब्रजेश कुमार, मुख्य अभियंता(पटना), भवन निर्माण विभाग, पटना। - सदस्य
4. श्री विकास कुमार पाण्डेय, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। - सदस्य

कार्यवाही:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | - | **Supply and Installation of Branding and Signages system work at Dr APJ Abdul Kalam Science City, Patna** |
| 2. | मूल योजना के द्वितीय पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹889.9832 करोड़ (विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार का ज्ञापांक-4840 दिनांक 28.12.2023) |
| 3. | पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹7176250500.00 (मुख्य अभियंता(नि0) का पत्रांक 36(नि0)अनु0 दिनांक 09.01.2024 द्वारा प्रदत तकनीकी स्वीकृति) |
| 4. | पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति की राशि अंतर्गत विषयांकित कार्य हेतु कर्णांकित राशि | - | ₹5,05,30,751.00 |
| 5. | परिमाण विपत्र की राशि | - | ₹5,05,30,751.00 (मुख्य अभियंता(प0) के पत्रांक 1651(प0)अनु0 दिनांक 26.06.2025) |
| 6. | निविदा आमंत्रण कि तिथि | - | 22.09.2025 |
| 7. | कार्य की अवधि | - | 06(छः)माह |
| 8. | निविदा प्राप्त (डाउनलोड) करने की प्रारंभ तिथि | - | 13.10.2025 |
| 9. | निविदा जमा (अपलोड) करने की अंतिम तिथि | - | 05.11.2025 |
| 10. | प्री-बीड बैठक की संशोधित तिथि, समय एवं स्थान | - | दिनांक 17.10.2025 को 12:00 बजे मुख्य अभियंता (पटना) के कार्यालय कक्ष में एवं दिनांक 16.10.2025 को 12:00 बजे अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के कार्यालय कक्ष में। |
| 11. | निविदा प्रसारण का माध्यम | - | ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 12. | निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र/टेन्डर आई0डी0 का नाम | - | हिन्दुस्तान www.eproc2.bihar.gov.in पर/ 117337 |
| 13. | प्रकाशन का पी0आर0 संख्या | - | 015930 (BCD) 2025-26 |
| 14. | निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता | - | **(I)** AGX RETAIL SOLUTIONS PRIVATE LIMITED (Address: 24, 9th A Cross Rd, Park Area, Wilson Guarden, Bengaluru, Karnataka-560027)<br>**(II)** Radhey Publicity, 1ST FLOOR., A-48/3, Mayapuri Industrial Area, Phase-1, Mayapuri, Central Delhi, Delhi, 110064<br>**(III)** PAVILIONS AND INTERIORS INDIA PRIVATE LIMITED, A - 63, Sector - 57 Noida - 201301(UP)<br>**(IV)** Design Graphics, 41, RAMA ROAD INDUSTRIAL AREA, KIRTI NAGAR, CENTRAL DELHI, DELHI, 110015<br>**(V)** Frames Cottage India Private Limited, Flat No.- 201, Deo Sidhi Plaza, Main Road, Colony More, Kankarbagh, Patna, Bihar |

15. **<u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही:-</u>**

**<u>विषयांकित कार्य की प्रथम निविदा की कार्यवाही:-</u>**

विषयांकित कार्य की प्रथमवार आमंत्रित निविदा में भाग लेने वाले तीन निविदाकारों के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के पत्रांक 334 अनु0 पटना दिनांक 19.07.2025 द्वारा तकनीकी मूल्यांकन हेतु समर्पित किया गया। दिनांक 23.09.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति ने प्रथमवार आमंत्रित निविदा में कोई भी निविदाकार सफल नहीं पाये जाने के कारण आमंत्रित निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

**<u>वर्तमान में आमंत्रित निविदा की कार्यवाही:-</u>**

विषयांकित कार्य की यह द्वितीय आमंत्रित निविदा है। उक्त निविदा में उपरोक्त कंडिका-14 में अंकित कुल पाँच निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है। पाँचों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के पत्रांक 500 अनु0 दिनांक 10.11.2025 द्वारा तकनीकी बीड अभिलेखों को मूल्यांकन हेतु भेजा गया है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा पाँचों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों का तकनीकी मूल्यांकन ई-टेन्डर मॉड्यूल में अपलोडेड Bidding Document के आधार पर इस शर्त के साथ की गयी कि सभी निविदाकार द्वारा समर्पित किये गये कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र को जाँच/सत्यापन हेतु भेजा गया है, जिसमें यदि उनका कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र यदि जाँच/सत्यापन में फर्जी/जाली पाया जाता है, तो संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 के तहत कार्रवाई की जायेगी। तकनीकी बीड के अभिलेखों के मूल्यांकनोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने पाया गया कि:-

**प्रथम निविदाकार AGX RETAIL SOLUTIONS PRIVATE LIMITED (Address: 24, 9th A Cross Rd, Park Area, Wilson Guarden, Bengaluru, Karnataka-560027)** द्वारा प्रस्तावित योजना हेतु आमंत्रित निविदा के एस0बी0डी0 के कंडिका-4.5A(b) अंतर्गत मांगे गये "Satisfactorily completed as a prime contractor (or as a nominated sub-contractor, where the sub-contract involved execution of all main items of work described in the bid document, provided further that all other qualification criteria are satisfied)at least one similar work of value not less than 50% of estimated value of contract ₹2,52,65,375.50 for this tender). The completion certificate shall be issued by employer not below the rank of executive engineer or project manager. In case Private client the completion certificate and valuation of the issued by empioyer should be certified by the retired executive engineer/Registered Valuer of Nationalised Bank / Insurance Company/Income Tax Department. के संदर्भ में निविदाकार द्वारा समर्पित अभिलेख में वांछित सामान प्रकृति के कार्य अनुभव का प्रमाण-पत्र संलग्न नहीं पाया गया है। एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के तहत मांगी गयी Executed in any one year the minimum quantities हेतु कोई प्रमाण-पत्र संलग्न नहीं पाया गया। एस0बी0डी0 के पृष्ठ-23 के तहत मांगी गयी Amount of Works for which bid alreday submitted समर्पित नहीं पाया गया। एस0बी0डी0 के कंडिका-4.5B अंतर्गत Key Personnels and their experience के संदर्भ में मांगे गये कुल 3 कार्यरत वांछित अर्हतावाले कार्मिकों हेतु निविदाकार सीर्फ दो कार्मिकों का CV संलग्न पाया, परन्तु उनके शैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं Affidavit संलग्न नही पाया गया। एस0बी0डी0 के Clause of Contract अन्तर्गत Clause-38 में वर्णित No-relation का अभिलेख समर्पित नहीं किया गया है तथा एस0बी0डी0 के तहत मांगे गये No-litigation, Declaration of Statement, No-relation एवं NOC for Debar हेतु कोई अभिलेख अपलोड नही किया गया है। एस0बी0डी0 की कंडिका-4.2(i) के तहत मांगी गयी Evidence of access to or availability of credit facilities (minimum 10% of the estimated cost, i.e. certified by the bankers. को निविदाकार द्वारा अपलोड नहीं किया गया है। निविदाकार द्वारा एस0बी0डी0 के तहत मांगे गये Affidavit का अभिलेख अपलोड नही किया गया है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में <u>**"नन-रिस्पॉन्सिव"**</u> पाया गया।

**द्वितीय निविदाकार Radhey Publicity, 1ST FLOOR,, A-48/3, Mayapuri Industrial Area, Phase-1, Mayapuri, Central Delhi, Delhi, 110064** द्वारा प्रस्तावित योजना के आमंत्रित निविदा हेतु निविदाकार द्वारा समर्पित अभिलेखों में एस0बी0डी0 के पृष्ठ-23 के तहत मांगी गयी Amount of Works for which bid alreday submitted समर्पित नहीं पाया गया। एस0बी0डी0

के कंडिका-4.5B अंतर्गत Key Personnels and their experience के संदर्भ में मांगे गये कुल 3 कार्यरत वांछित अर्हतावाले कर्मियों हेतु सिर्फ एक असैनिक अर्हता वाले कर्मी का प्रमाण-पत्र संलग्न पाया गया, परन्तु उनके शपथ-पत्र संलग्न नहीं पाया गया है। शेष वांछित कर्मियों का अभिलेख संलग्न नहीं पाया गया। एस0बी0डी0 एवं उनके चेकलिस्ट के अंतर्गत मांगे गये Declaration of Statement हेतु कोई अभिलेख नहीं पाया गया है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में **"नन-रिस्पॉन्सिव"** पाया गया।

तृतीय निविदाकार **PAVILIONS AND INTERIORS INDIA PRIVATE LIMITED, A - 63, Sector - 57 Noida - 201301(UP)** द्वारा प्रस्तावित योजना हेतु एस0बी0डी0 के कंडिका-4.5A(b) अंतर्गत मांगे गये कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र के विरूद्ध निविदाकार ने VLCC Limited द्वारा निर्गत कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न किया है, जो कि एक निजी संस्थान है। अनुभव प्रमाण-पत्र को श्री बी0के0 भटनागर, सेवानिवृत सिनियर मैनेजर, आई0टी0पी0ओ0 द्वारा मूल्यांकित एवं प्रमाणित किया गया है। विभागीय पत्रांक 3284 दिनांक 05.05.2009 की कंडिका-3 के अनुपालन में समान प्रकृति के किये गये कार्य के संबंध में Engineer in-charge जो कि कार्यपालक अभियंता से अन्यून स्तर का पदाधिकारी नहीं होगें, का प्रमाण पत्र आवश्यक होगा। गैर सरकारी कार्य के संबंध में कार्य का मूल्यांकन सेवा निवृत कार्यपालक अभियंता से अन्यून स्तर के पदाधिकारी अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक/राष्ट्रीयकृत बीमा निगम/आयकर विभाग द्वारा निबन्धित valuer के द्वारा मूल्यांकित किया गया होना चाहिए। गैर सरकारी भवनों की पूर्णता के संबंध में यह आवश्यक होगा कि भवन का 50% से ज्यादा क्षेत्र एक माह से अधिक की अवधि से आवासित या उपयोग में है एवं यह प्रमाण पत्र भी ऊपर वर्णित पदाधिकारी का होना चाहिए। निविदाकार द्वारा समर्पित अनुभव प्रमाण-पत्र उक्त वर्णित सक्षम प्राधिकार से मूल्यांकित नहीं है। निविदाकार द्वारा समर्पित अन्य अनुभव प्रमाण-पत्र समान प्रकृति के कार्य की श्रेणी में नहीं आते है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में **"नन-रिस्पॉन्सिव"** पाया गया।

चतुर्थ निविदाकार **Design Graphics, 41, RAMA ROAD INDUSTRIAL AREA, KIRTI NAGAR, CENTRAL DELHI, DELHI, 110015** द्वारा प्रस्तावित योजना हेतु आमंत्रित निविदा के एस0बी0डी0 के अनुसार Legal Status of Bidders हेतु कोई वैध प्रमाण-पत्र संलग्न नहीं पाया गया है। निविदाकार द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के तहत मांगी गयी Executed in any one year the minimum quantities हेतु कोई प्रमाण-पत्र संलग्न नहीं पाया गया। निविदाकार द्वारा Amount of existing commitment and on going work एवं Amount of Works for which bid alreday submitted हेतु कोई अभिलेख संलग्न नहीं पाया गया। एस0बी0डी0 के कंडिका-4.5B अंतर्गत Key Personnels and their experience के संदर्भ में मांगे गये कुल 3 कार्यरत वांछित अर्हतावाले कर्मियों हेतु कोई अभिलेख संलग्न नहीं पाया गया। एस0बी0डी0 एवं उनके चेकलिस्ट में मांगे गये Proposed methodology and programme of construction हेतु कोई अभिलेख संलग्न नहीं पाया गया। अतः इन्हें तकनीकी बीड में **"नन-रिस्पॉन्सिव"** पाया गया।

पंचम निविदाकार **Frames Cottage India Private Limited, Flat No.-201, Deo Sidhi Plaza, Main Road, Colony More, Kankarbagh, Patna, Bihar** द्वारा प्रस्तावित योजना हेतु आमंत्रित निविदा के एस0बी0डी0 के कंडिका-4.5A(b) अंतर्गत मांगे गये "Satisfactorily completed as a prime contractor (or as a nominated sub-contractor, where the sub-contract involved execution of all main items of work described in the bid document, provided further that all other qualification criteria are satisfied)at least one similar work of value not less than 50% of estimated value of contract ₹2,52,65,375.50 for this tender). The completion certificate shall be issued by employer not below the rank of executive engineer or project manager. In case Private client the completion certificate and valuation of the issued by empioyer should be certified by the retired executive engineer/Registered Valuer of Nationalised Bank / Insurance Company/lncome Tax Department. के संदर्भ में निविदाकार द्वारा समर्पित अभिलेख में वांछित सामान प्रकृति के कार्य अनुभव का संलग्न

प्रमाण-पत्र ₹2,51,83,135.00 मात्र का पाया गया जो न्यूनतम राशि ₹2,52,65,375.50 राशि से कम है। प्रस्तावित योजना के एस0बी0डी0 के कंडिका-4.5B अंतर्गत Key Personnels and their experience के संदर्भ में मांगे गये कुल 3 कार्यरत वांछित अर्हतावाले कर्मियों हेतु संलग्न अभिलेख में दो कर्मियों के शैक्षणिक प्रमाण-पत्र संलग्न नही पाया गया। निविदाकार के द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.2(i) के अंतर्गत मांगी गयी Evidence of access to or availability of credit facilities (minimum 10% of the estimated cost, i.e. certified by the bankers हेतु संलग्न बैंक प्रमाण-पत्र वांछित न्यूनतम राशि का नही पाया गया। एस0बी0डी0 एवं उनके चेकलिस्ट में मांगे गये Proposed methodology and programme of construction हेतु कोई अभिलेख संलग्न नहीं पाया गया। अतः इन्हें तकनीकी बीड में **"नन-रिस्पॉन्सिव"** पाया गया।

16. **तकनीकी बीड मूल्यांकन की अनुशंसा:-**

सम्यक् विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से द्वितीयवार आमंत्रित निविदा में कोई भी निविदाकार सफल नहीं पाये जाने के कारण आमंत्रित निविदा को रद्द कर व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ शीघ्रातिशीघ्र पुनर्निविदा किये जाने की अनुशंसा के साथ सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति में रखने का निर्णय लिया गया।

17. **विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-**

विषयांकित कार्य Supply and Installation of Branding and Signages system work at Dr APJ Abdul Kalam Science City, Patna के निर्माण कार्य के तकनीकी बीड पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा दिनांक 18.11.2025 की बैठक में की गयी अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है।

इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (विकास कुमार पाण्डेय)<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भ0नि0वि0, बिहार, पटना | (ब्रजेश कुमार)<br>मुख्य अभियंता(पटना)<br>भ0नि0वि0, बिहार, पटना | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,<br>भ0नि0वि0, पटना | (कुमार रवि)<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना |

ज्ञापांक- भवन/मु0अभि0(प0)यो0विविध-8-181/2016(अंश-3)-22(P) पटना, दिनांक-05/01/26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(ब्रजेश कुमार)
मुख्य अभियंता(पटना),
भवन निर्माण विभाग, पटना